ज्ञापन

प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलन और चक्काजाम

हिवरा वासुदेव नदी में अवैध रेत उत्खनन पर बजरंग दल का आक्रोश

नवभारत न्यूज

मोहखेड़, 22 जून, उमरानाला समीपस्थ हिवरा वासुदेव नदी से लगातार हो रहे अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ बजरंग दल ने मोर्चा खोलते हुए प्रशासन के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

संगठन के कार्यकर्ताओं ने मोहखेड़ तहसील पहुंचकर तहसीलदार एवं जिला खनिज अधिकारी के नाम संयुक्त ज्ञापन सौंपा और अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। बजरंग दल ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन, धरना-प्रदर्शन एवं चक्काजाम करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

नदी का अस्तित्व संकट में, जलस्तर गिरने की आशंका

संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि उमरानाला क्षेत्र के समीप स्थित हिवरा वासुदेव नदी से कुछ भू-माफिया और असामाजिक तत्व बिना किसी वैध अनुमति और रॉयल्टी के बड़े पैमाने पर दिन-रात रेत निकाल रहे हैं। इससे नदी की प्राकृतिक संरचना तेजी से प्रभावित हो रही है। नदी की गहराई बढ़ने और जलधारण क्षमता कम होने से आसपास के गांवों में भूजल स्तर नीचे जा रहा है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि जल्द रोक नहीं लगी तो भविष्य में क्षेत्र में पेयजल संकट और खेती-किसानी पर गंभीर असर पड़ सकता है।

सड़कें जर्जर, पुलों को खतरा

बजरंग दल ने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया कि अवैध रेत परिवहन में लगे ओवरलोड डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉली गांव की सड़कों से लगातार गुजर रहे हैं, जिससे सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। नदी पर बने पुल-पुलियों की नींव को भी खतरा उत्पन्न हो गया है। भारी वाहनों की तेज रफ्तार से दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है, जिससे ग्रामीणों में भय और आक्रोश व्याप्त है।

बटकाखापा थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने पर हुई चर्चा

नवभारत न्यूज

बटकाखापा, 22 जून, आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बटकाखापा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक थाना प्रभारी अनिल सिंह राठौर की उपस्थिति में संपन्न हुई।

बैठक में आगामी त्यौहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, कानून व्यवस्था बनाए रखने, आपसी भाईचारे एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों से अपील की कि सभी लोग मिलजुलकर त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। बैठक में बटकाखापा नगर के ग्राम पंचायत सरपंच योगेंद्र शाह धुर्वे सहित कई जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं पुलिस स्टाफ मौजूद रहे। थाना प्रभारी अनिल सिंह राठौर ने कहा कि पुलिस प्रशासन आमजन की सुरक्षा एवं बेहतर व्यवस्था के लिए हमेशा तत्पर है। सभी के सहयोग से ही क्षेत्र में शांति और व्यवस्था बनाए रखी जा सकती है।

मनरेगा कार्यों के सूचना बोर्ड अब भी खाली, एई के निर्देश के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

नवभारत न्यूज

मोहखेड़, 22 जून, जनपद पंचायत मोहखेड़ अंतर्गत ग्राम पंचायत सरोरा में मनरेगा के तहत मेड़ बंधान कार्यों के सूचना बोर्डों पर जानकारी अंकित नहीं होने का मामला लगातार चर्चा में बना हुआ है।

इस संबंध में सहायक यंत्री (एई) अभिषेक वर्मा ने बताया कि उनके द्वारा ग्राम पंचायत का निरीक्षण किया गया था और संबंधित जिम्मेदारों को 7 दिवस के भीतर सूचना बोर्ड पेंट कर सभी आवश्यक जानकारी अंकित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी कार्यस्थलों पर लगाए गए सीमेंट बोर्ड आज भी खाली पड़े हैं, जिससे विभागीय आदेशों की अनुपालना पर सवाल उठ रहे हैं। मनरेगा के नियमों के अनुसार प्रत्येक कार्यस्थल पर कार्य का नाम, हितग्राही का नाम, स्वीकृत राशि, कार्य प्रारंभ एवं पूर्णता तिथि सहित सभी जानकारी अंकित किया जाना अनिवार्य है, ताकि योजनाओं में पारदर्शिता बनी रहे। लेकिन ग्राम पंचायत सरोरा में स्थिति इसके विपरीत दिखाई दे रही है।ग्रामीणों का कहना है कि निर्देशों के बाद भी सूचना बोर्डों का अद्यतन न होना जिम्मेदारों की लापरवाही को दर्शाता है।अब देखना होगा कि उच्च अधिकारी इस मामले में क्या संज्ञान लेते हैं और कब तक सूचना बोर्डों पर वास्तविक जानकारी अंकित की जाती है।

प्रिंट रेट से अधिक वसूली और खुलेआम बिक रही शराब

नवभारत न्यूज

मोहखेड़, 22 जून, उमरानाला और लिंगा क्षेत्र की शराब दुकानों पर लगातार नियमों की अनदेखी का गंभीर मामला सामने आने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। आरोप है कि दोनों दुकानों पर ग्राहकों से प्रिंट रेट से अधिक दाम वसूले जा रहे हैं, जिससे आम लोगों में नाराजगी और आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि शराब बिक्री के दौरान रेट लिस्ट का पालन बिल्कुल नहीं किया जा रहा और लगातार मनमाने तरीके से अतिरिक्त राशि ली जा रही है। इससे उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ साफ तौर पर देखा जा रहा है।सबसे गंभीर स्थिति यह है कि दोनों शराब दुकानों के आसपास खुलेआम शराब का सेवन कराया जा रहा है। नियमों के अनुसार सार्वजनिक स्थानों और दुकान परिसर के आसपास शराब पिलाना प्रतिबंधित है, लेकिन यहां लगातार नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।शाम होते ही दुकानों के बाहर शराबियों की भीड़ जमा हो जाती है, जिससे पूरा माहौल बिगड़ जाता है। इस कारण राहगीरों, स्थानीय नागरिकों और खासकर आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार नशे में विवाद और हंगामे की स्थिति भी बन जाती है।

इनका कहना है

सबंधित मामले को लेकर मेरे द्वारा निरिक्षण कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

जीएल मरावी,आबकारी अधिकारी छिंदवाड़ा

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जिम्मेदार विभागों की जानकारी में होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे शराब दुकानदारों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि दोनों शराब दुकानों की सघन जांच कर प्रिंट रेट से अधिक वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा दुकान के आसपास हो रहे अवैध शराब सेवन पर सख्त कार्रवाई की जाए।

जिले में अब तक 31.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 22 जून, जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 31.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 71.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी।



जिले में 22 जून 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 1.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 22 जून 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील तामिया में 16 और चौरई में 04.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 15.2, मोहखेड़ में 11, तामिया में 56, अमरवाड़ा में 63, चौरई में 18.4, हर्रई में 15.9, बिछुआ में 22.3, परासिया में 22.8, जुन्नारदेव में 19, चांद में 84.2 और उमरेठ में 05.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

हर्रई में ग्राम एवं नगर रक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

नवभारत न्यूज

हर्रई, 22 जून, छिंदवाड़ा पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ग्राम एवं नगर रक्षा समिति प्रमुख शेषराव लाडे लगातार बैठकें ले रहे है इसी क्रम मे हर्रई थाना मे ग्राम एवं नगर रक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

जिसमे जिला प्रमुख शेषराव लाडे ने निष्क्रिय सदस्यों को हटाकर नए सदस्यों को रक्षा समिति मे शामिल किया एवं उन्हें रक्षा समिति से संबंधित सारी जानकारी दी, रक्षा समिति के सदस्यों को उनके कार्य समझाये एवं वे किस तरह पुलिस की मदद कर सकते है इस विषय पर विस्तृत जानकारी दी। थाना हर्रई बैठक मे थाना प्रभारी ओमेश मार्को के मार्गदर्शन मे सम्पन्न हुई जिसमे रक्षा समिति सदस्यों को कानून सबंधी जानकारी दी एवं रक्षा समिति के सदस्यों को वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने, एवं अन्य लोगो को इसके लिए जागरूक करने को कहा। थाना हर्रई की बैठक मे जिला एवं ग्राम रक्षा समिति प्रमुख शेषराव लाडे , समस्त थाना स्टॉफ हर्रई, ग्राम रक्षा समिति थाना हर्रई के रक्षा समिति सदस्य शामिल हुए।

अमरवाड़ा में 20 जुलाई को निकलेगी जगन्नाथ रथ यात्रा, तैयारियां शुरू

नवभारत न्यूज

अमरवाड़ा, 22 जून, इस्कॉन उज्जैन द्वारा मध्य प्रदेश के 66 जिलों में आयोजित की जा रही श्री जगन्नाथ रथ यात्रा की श्रृंखला में इस वर्ष अमरवाड़ा तहसील का नाम भी शामिल किया गया है। अमरवाड़ा की पावन धरती पर यह दूसरी बार होगा जब श्री श्री जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा महारानी की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी।

यह संपूर्ण आयोजन समस्त नगरवासियों के लिए अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय है। मिली जानकारी के अनुसार, इस भव्य रथ यात्रा का आयोजन सोमवार, 20 जुलाई को किया जा रहा है। यह रथ यात्रा नगर के प्रमुख कचहरी चौराहे से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होते हुए मातेश्वरी लॉन में विश्राम करेगी। इस वर्ष यात्रा को और अधिक भव्य, सुंदर एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान करने के लिए आयोजन समिति द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इस धार्मिक उत्सव के विशेष अवसर पर श्री श्री जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा महारानी के दिव्य विग्रह तथा भव्य रथ विशेष रूप से छिंदवाड़ा से अमरवाड़ा पधार रहे हैं। उनके साथ मध्य प्रदेश के अलग-अलग जिलों से ब्रह्मचारी प्रभुजी, वैष्णव भक्तगण, हरिनाम संकीर्तन मंडली एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे।

गौरव सम्मान समारोह में जिले की प्रतिभाओं का सम्मान

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 22 जून, मीडिया संगठन मध्यप्रदेश (भोपाल) की जिला छिंदवाड़ा इकाई द्वारा सोमवार को पूजा लॉन, परासिया रोड में जिला स्तरीय गौरव सम्मान समारोह 2026-27 का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष गयाप्रसाद सोनी मुख्य अतिथि, जिला अध्यक्ष मनेश साहू की अध्यक्षता तथा संरक्षक एवं विशिष्ट अतिथि नरेंद्र साहू की गरिमामयी उपस्थिति में समाजसेवा, पत्रकारिता, शिक्षा, स्वास्थ्य, वन विभाग, आंगनवाड़ी एवं महिला सशक्तिकरण सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मयोगियों एवं प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि समाज एवं राष्ट्रहित में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान करना अत्यंत प्रेरणादायी है। ऐसे आयोजन न केवल प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक कार्य संस्कृति को भी मजबूत करते हैं। प्रदेश अध्यक्ष गयाप्रसाद सोनी ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि जिला इकाई की सक्रियता पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणास्रोत है। वहीं जिला अध्यक्ष मनेश साहू ने कहा कि भविष्य में ऐसे सम्मान समारोह को और व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा तथा एक पेड़ माँ के नाम अभियान को सभी तहसीलों तक पहुँचाया जाएगा। कार्यक्रम में जिलेभर के पत्रकार, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस बूथ स्तर पर मनाएगी भाजपा

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 22 जून, भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं भाजपा के पितृ पुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस जिले के सभी बूथों पर श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया जाएगा।

इस अवसर पर उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान, राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए किए गए संघर्ष तथा उनके बलिदान को याद किया जाएगा। भाजपा जिला महामंत्री कमलेश उईके ने जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी संगठन द्वारा जिले के प्रत्येक बूथ पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन एवं विचारों पर चर्चा की जाएगी। कार्यकर्ताओं को उनके राष्ट्रवादी विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी दिलाया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने जिले के सभी मंडल अध्यक्षों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि वे अपने-अपने बूथों पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस गरिमामय ढंग से मनाएं तथा उनके आदर्शों, त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण को स्मरण करते हुए संगठन की विचारधारा को मजबूत बनाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्र प्रथम की भावना, अखंड भारत के संकल्प और जनसेवा के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

शांति और सौहार्द पूर्वक मनाया जाएगा मोहर्रम

अमरवाड़ा थाना प्रांगण में हुई शांति समिति की बैठक में लिए गए अनेकों निर्णय

नवभारत न्यूज

अमरवाड़ा, 22 जून, मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न करने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस थाना प्रांगण में एसडीएम हेमकरण धुर्वे, के मुख्य अतिथि में एसडीओपी कल्याणी बरकड़े की अध्यक्षता तहसीलदार सृष्टि डेहरिया नगर निरीक्षक राजेंद्र सिंह धुर्वे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र जैन की विशेष विशेष उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि बैठक में पर्व के दौरान यातायात सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा की गईद्य ताजिया का जुलूस लंगर विसर्जन शांतिपूर्ण तरीके से किए जाएंगे ,गंज बाजार, फवारा चौक एवं कर्बला में पुलिस व्यवस्था तथा नगर पालिका की ओर से साफ सफाई पंडाल पीने के पानी आदि की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की बात पर विशेष जोर दिया गया द्य मोहर्रम के दिन बस स्टैंड से खमरा रोड होते हुए बाईपास एवं नगर पालिका के बाजू वाले रोड से वाहन चलाए जाएंगे शहर के अंदर एवं में रोड रोड एवं जुलूस वाले मार्ग पर फुटपाथ के बाहर व्यापारियों के द्वारा किए गए अतिक्रमण जहां नगर पालिका एवं पुलिस विभाग द्वारा हटाए जाएंगे वहीं मोहर्रम के जुलूस वाले मार्गों में खड़े हुए निजी वाहन को भी मोहर्रम के दिन हटाने हेतु निर्देश एसडीएम ने पुलिस एवं नगर पालिका को निर्देशित कियाद्य विद्युत विभाग को सर्विस तार लाइन जो बीच मार्ग में क्रॉस करके झुकी हुई है उन्हें व्यवस्थित करने के भी निर्देश दिए गए हैं द्यसाथ ही परिवहन ,मालवाहनों में सवारियों को बैठने एवं बिठाने वालों के ऊपर कड़ी कार्रवाई करने संबंधी एसडीओपी बरकड़े के द्वारा पुलिस विभाग को दिए गए ।

मां दुर्गा मंदिर स्थापना के चतुर्थ वर्ष पूर्ण होने पर किया दर्शन-पूजन

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 22 जून, कलेक्ट्रेट परिसर के समीप स्थित माँ दुर्गा के पावन मंदिर की स्थापना के चतुर्थ वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव मंदिर प्रांगण पहुंचे।

इस अवसर पर उन्होंने आदि शक्ति माँ भगवती के दिव्य चरणों में शीश नवाकर विधिवत दर्शन-पूजन किया तथा प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की मंगल कामना की। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि माँ दुर्गा शक्ति, श्रद्धा और आस्था की प्रतीक हैं। उनके आशीर्वाद से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, साहस और नई प्रेरणा का संचार होता है। उन्होंने माँ भगवती से प्रार्थना करते हुए समस्त क्षेत्रवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य, अटूट शांति एवं निरंतर प्रगति की कामना की। उन्होंने कहा कि माँ दुर्गा की असीम कृपा और आशीर्वाद सभी पर सदैव बना रहे तथा समाज में प्रेम, सद्भाव और जनकल्याण की भावना निरंतर मजबूत होती रहे।

अनदेखी

शून्य शिक्षकीय शालाओं के कारण कई स्कूल बंद, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित, जिम्मेदार मौन

13 स्कूलों में नहीं हैं सरकारी शिक्षक, भगवान भरोसे चल रही शिक्षा व्यवस्था

नवभारत न्यूज

हर्रई, 22 जून, हर्रई विकासखंड क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था गंभीर संकट से जूझ रही है। क्षेत्र के मढ़ई संकुल केंद्र के 13 शासकीय स्कूलों में एक भी नियमित सरकारी शिक्षक पदस्थ नहीं है, जिसके चलते कई स्कूल भगवान भरोसे संचालित हो रहे हैं, जबकि कुछ शून्य शिक्षकिय शालाएं पूरी तरह बंद पड़ी हैं। शिक्षकों की कमी का सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अब तक मौन साधे हुए हैं।

ग्रामीणों और अभिभावकों का आरोप है कि लंबे समय से शिक्षकों की मांग की जा रही है, लेकिन विभाग द्वारा समस्या के समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। कई विद्यालयों का प्रभार दूसरे स्कूलों के शिक्षकों को सौंपा गया है, जिसके कारण वे नियमित रूप से सभी स्कूलों में उपस्थित नहीं हो पाते और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।स्थिति यह है कि कुछ शालाओ में बच्चे शिक्षक के इंतजार में स्कूल पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें बिना पढ़ाई के ही वापस लौटना पड़ता है। अभिभावकों का कहना है कि सरकारी स्कूलों की बदहाल व्यवस्था के कारण बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है।स्थानीय लोगों ने शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन से तत्काल शिक्षकों की पदस्थापना कर बंद पड़े स्कूलों को नियमित रूप से संचालित करने की मांग की है। वहीं विभागीय अधिकारियों का कहना है कि शिक्षकों की कमी की जानकारी उच्च स्तर पर भेजी गई है और जल्द ही आवश्यक व्यवस्था करने का प्रयास किया जाएगा ।

अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान
(विश्वविद्यालय समतुल्य)
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का स्वायत्त संगठन, भारत सरकार
गोवंडी स्टेशन रोड, देवनार, मुंबई – 400088
संपर्क विवरण: टेलीफोन: 91–22– 42372468
ईमेल : admission@iipsindia.ac.in वेबसाइट : www.iipsindia.ac.in

प्रवेश घोषणा – शैक्षणिक वर्ष 2026–2027

अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (आईआईपीएस), जो भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन वर्ष 1956 में स्थापित एक स्वायत्त संगठन है, शैक्षणिक सत्र 2026–2027 हेतु निम्नलिखित शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

- जनसंख्या अध्ययन में एम.ए./एम.एससी. [मासिक छात्रवृत्ति: ₹5,000/–]*
- जैव–सांख्यिकी एवं जनांकिकी में एम.एससी. [मासिक छात्रवृत्ति: ₹5,000/–]*
- सर्वेक्षण अनुसंधान एवं डाटा विश्लेषकी में एम.एससी. [मासिक छात्रवृत्ति: ₹5,000/]*
- जनसंख्या अध्ययन में पीएच.डी. [भारत सरकार–आईआईपीएस, यूजीसी–जेआरएफ छात्रवृत्ति आदि]
- जनसंख्या अध्ययन में अंशकालिक पीएच.डी.
- पोस्ट–डॉक्टोरल छात्रवृत्ति (पीडीएफ) कार्यक्रम [मासिक छात्रवृत्ति रु. 50,000/– + आवास भत्ता (एचआरए)]

[* छात्रावास सुविधा उपलब्ध है]

आवेदन ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि: 30-06-2026 (सुबह 11.00 बजे)।
अंतिम सेमेस्टर परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं।
अधिक जानकारी के लिए, कृपया देखें: www.iipsindia.ac.in

निदेशक एवं वरिष्ठ प्रोफेसर (अतिरिक्त प्रभार)

न्यायालय तहसीलदार छिन्दवाड़ा

// ईश्तेहार //

रा0प्र0क्र0 ...../अ-6/2026-2027
मौजा:- छिंदवाड़ा 177/19

चूंकि आवेदक श्रीमति रेखा बाई पिता स्व0 हेमराज शर्मा निवासी वार्ड नं0 24 साउथ सिविल लाईन चौकसे कॉलोनी छिन्दवाड़ा तहसील व जिला छिन्दवाड़ा द्वारा मौजा छिन्दवाड़ा खास बन्दोबस्त क्रं 177 पटवारी हल्का 19 राजस्व निरीक्षक मण्डल छिन्दवाड़ा-2 तहसील व जिला छिन्दवाड़ा स्थित भूमि खसरा नम्बर 555/31 रकबा 0.029 हेक्टेयर भूमि का पंजीयत वसीयत दिनांक 31/12/2008 के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु धारा 109, 110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा उक्त सम्पत्ति पर हित रखने अथवा दावा रखने वाले सभी व्यक्तियों को इस इस्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त आवेदन पर उन्हे कोई आपत्ति हो या दावा हो तो स्वय या किसी अधिकृत अधिवक्ता अथवा मान्य अभिकर्ता के उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत इस न्यायालय में पेशी दिनांक 30/8/2026 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत् तिथि तथा स्थान पर उपस्थित नही हो पाने की अथवा दावा आपत्ति प्रस्तुत नही कर पाने दशा में अथवा पश्चात में प्राप्त होने वाले किसी भी दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 15/6/26 को मेरे हस्ताक्षर मय न्यायालय की पदमुद्रा के जारी किया गया।

पदमुद्रा

तहसीलदार
छिंदवाड़ा